# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: X | Department: Hindi | Date of submission: NA |
| --- | --- | --- |
| **Muhavre Answers:** | Topic: **मुहावरे - बड़े भाई साहब** | Note: Pl. file in portfolio |

1. मैं देर से घर पहुँचा तो पिता जी मुझ पर **सूक्ति बाण चलाने लगे ।**
2. बेटे की मौत की खबर सुन कर माँ के **जिगर के टुकड़े - टुकड़े हो गए ।**
3. परीक्षा का डर छात्रों के सिर पर **नंगी तलवार की तरह** लटकता रहता है ।
4. मैं देर से घर पहुँचा तो पिता जी ने मुझे **आड़े हाथों लिया ।**
5. राजू है तो छोटा - सा मैकेनिक लेकिन उसकी शादी एयर होस्टेस से हो गई तो लोग कहने लगे- **अंधे के हाथ बटेर लग गई ।**
6. परिश्रम नहीं करोगे तो कभी सफल नहीं होगे । यह बात तुम **गाँठ बाँध कर रख लो** ।
7. आतंकवाद को समाप्त करना **लोहे के चने चबाने जैसा है ।**
8. चोर को पकड़ने में पुलिस को **दाँतों पसीना आ गया ।**
9. हर **ऐरा गैरा नत्थू खैरा** हिमालय पर नहीं चढ़ सकता ।
10. चोरी किसी ओर ने की और इल्जाम मेरे **मत्थे मढ़ दिया गया ।**
11. इतनी ऊँची इमारत को देख कर वह **चक्कर खा गया ।**
12. परीक्षा में प्रथम आने के लिए मुझे बहुत **पापड़ बेलने पड़े ।**
13. वह तो **अंधा चोट निशाना लग गया** जो तुम पास हो गए । वरना मात्र चार दिन की पढ़ाई में पास होना संभव न था ।
14. तुम्हारा **सिर फिर गया है,** जो इतनी गर्मी में भी गर्म पानी से नहा रहे हो ।
15. **बेसिर पैर की बातें** करने से अच्छा है कि तुम अच्छी पुस्तकें पढ़ो ।
16. पुलिस को सामने देख चोर के **हाथ - पाँव फूल गए ।**
17. शेर को सामने देख मेरे तो **प्राण सूख गए ।**
18. परीक्षा में प्रथम आना तुम्हारे **बूते के बाहर** की बात है ।
19. मैं जिस काम में **हाथ डालता हूँ,** उसे पूरा करके ही छोड़ता हूँ ।
20. एक तो वह पहले ही फेल हो गया है, उस पर उसे डांटकर उसके **घावों पर नमक मत छिड़को ।**
21. तुमने दसवीं करके कौन-सा **तीर मार लिया ?** आजकल स्नातक भी बेरोजगार घूम रहे हैं ।
22. रामू मुझे देखकर **मुँह चुराने लगा** क्योंकि उसने मुझसे 200 रुपए उधार लिए हैं ।
23. अभी चाहे जितना पैसा बरबाद कर लो । जब कमाओगे तब **आटे दाल का भाव मालूम पड़ेगा ।**
24. **दबे पाँव आना** - बिल्ली **दबे पाँव आई** और सारा दूध पी गई ।
25. आप मुझसे बड़े हैं । आपकी गलती बताना मेरे लिए **छोटा मुँह बड़ी बात** होगी ।

************* 25/08/2025 **Prepared** by: सुशील शर्मा ******************